अतिमहत्वपूर्ण

संख्या-25/2023/1055/तीस-4-2023

प्रेषक,

एल० वेंकटेश्वर लू,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

परिवहन आयुक्त
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग- 4 लखनऊ: दिनांक 21 नवम्बर, 2023

विषय- वाहन पोर्टल पर नेशनल रजिस्टर के एक्सेस हेतु आई0डी0 बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-13(शा०)कं0से0/2023-25कं0से0/2021, दिनांक 07.06.2023, पत्र संख्या-18(शा०)कं0से0/2023-25कं0से0/2021, दिनांक 04.07.2023 एवं पत्र संख्या-20(शा०)कं0से0/2023-25कं0से0/2021, दिनांक 24.07.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से पुलिस विभाग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक अथवा इससे उच्च स्तरीय अधिकारियों को नेशनल पोर्टल के उपयोग (access) की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु शासन से अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज, पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय), अभिसूचना विभाग, उ० प्र०, सहारनपुर एवं पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), उ०प्र० सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ को नेशनल पोर्टल पर डाटा एक्सेस हेतु उन्हें यूजर आई०डी० पासवर्ड प्रदान किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

कृपया उपरोक्तानुसार अग्रतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एल0 वेंकटेश्वर लू)
प्रमुख सचिव

संख्या-25/2023/1055 (1)/तीस-4-2023, तददिनांक।

उक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज, उ०प्र० को उनके पत्र संख्या-डीसीपी नगर/(सर्विलांस सेल)वाहन पोर्टल पासवर्ड/2023, दिनांक 29.05.2023 के सन्दर्भ में।
(2) पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय), अभिसूचना विभाग, उ० प्र०, सहारनपुर को उनके पत्र संख्या-सीए-एसपीआर(आईएनटी)-यूजर-आईडी(वी/एस-पी)/23,दिनांक 28.06.2023 के सन्दर्भ में ।
(3) अधीक्षक (मुख्यालय), उ०प्र० सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ को उनके पत्र संख्या-स०अ०/अनु-4/पी-156/2021, दिनांक 15.06.2023 के सन्दर्भ में ।

आज्ञा से,

(राम गोपाल सिंह)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in